## महत्वपूर्ण एवं खास

### 3 लाख की ऑनलाइन ठगी

**रायगढ़।** ग्राम बटाउपाली थाना कोसीर निवासी सानू कुमार पिता तुलसी राम उम्र 24 वर्ष द्वारा दिनांक 22.04.21 को उसके आई.डी.एफ.सी. बैंक के तीन खातों से लगातार तीन बार 99,999 रुपए का ट्रांजेक्शन अज्ञात व्यक्ति द्वारा किये जाने के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 22.04.2021 को सुबह 9:37 से 09:45 बजे तक तीन बार ट्रांजेक्शन हुआ है, जिसमें 2,99,997 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आहरण किया गया है। इसके बाद भी जब अज्ञात व्यक्ति और ट्रांजेक्शन करना चाहा तो नहीं हुआ और अज्ञात ब्यक्ति ने फोन कर ओटीपी की मांग किया जिसे नहीं बताया और यूनो एसबीआई हेल्प नंबर पर कॉल कर अकाउंट नंबर, नेट बैकिंग, एटीएम कार्ड को ब्लांक करवाया। लिखित आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### पत्नी की हत्या के आरोपी आरक्षक ने जेल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय के शांति नगर निवासी आरक्षक ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की बात स्वीकार करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। पत्नी की हत्या के आरोपी आरक्षक बुधु पल्लो ने गुरुवार को जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीजापुर कोतवाली के थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि हत्या के आरोपी आरक्षक बुधु पल्लो ने गुरुवार की दोपहर 2.30 बजे मृतक द्वारा जेल में मिलने वाले चादर को फाड़ कर उससे फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ट्रक और कार में भीषण टक्कर, दो घायल

**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में ट्रक और कार में भीषण टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 7 लोगों को गंभीर चोट आई हैं। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी प. बंगाल के मेदिनीपुर के रहने वाले है। यहां रायपुर में काम के सिलसिले में आए हुए थे। वहीं देर रात वापस बंगाल लौट रहे थे। महासमुंद के सरायपाली के पास सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

### तेज रफ्तार पिकप की ठोकर से क्रेटा कार क्षतिग्रस्त ,चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार पीकप वाहन ने क्रेटा कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह राजेन्द्रनगर निवासी सुभाष रंजन गुप्ता 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि आज सुबह 11.30 टाटीबंध चौक के पास तेज रफ्तार पीकप वाहन क्रमांक एचएच 10 सीआर 2489 का चालक ने लापरवाही पूर्वक हुण्डई क्रेटा कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने पीकप चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## पिता ने ही किया था बेटी की गला दबाकर हत्या, मां और बड़ी बहन भी घटना शामिल, तोलमा में नाबालिग बालिका की हुई हत्या की गुत्थी सुलझी

**लैलूंगा।** दिनांक 22.04.2021 को पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह धरमजयगढ़ व लैलूंगा के दौरे पर थे, इस दौरान थाना लैलूंगा के आकस्मिक निरीक्षण पर तोलमा में नाबालिग की हत्या मामले की जांच पड़ताल की प्रगति देखे और जांच में लगी टीम को संदेहियों से पूछताछ के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। निर्देशों के पालन में आज हत्याकांड में शामिल बालिका के माता-पिता व बड़ी बहन को लैलूंगा पुलिस गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के मुताबिक दिनांक 31.03.2021 को ग्राम तोलमा निवासी जगदीश टोप्पो पिता भाकूराम टोप्पो उम्र 50 वर्ष थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23.03.2021 के शाम करीब 5:00 बजे इसकी छोटी लड़की आईलिन टोप्पो 15 वर्ष से बड़ी बेटी अल्का टोप्पो 20 वर्ष मोबाईल मांगी, आईलिन मोबाइल नहीं दी तो अल्का जाकर पिता जगदीश से शिकायत की, इसी बात से नाराज होकर आईलिन घर से कहीं चली गई है, रिपोर्टकर्ता जगदीश टोप्पो के रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आईलिन टोप्पो के गुम इंसान तथा अपराध क्रमांक 106/2021 धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

बालिका की पतासाजी दौरान दिनांक 02.042021 को ग्राम तोलमा के पास जसमन नाला के पास एक बालिका का शव मिला शव के पास एक स्वेटर तथा काले रंग का लेगिज पड़ा हुआ था, शव की शिनाख्त आईलिन टोप्पो के रूप में हुई। घटना के संबंध में मर्ग क्रमांक 35/2021 धारा 174 सीआरपीसी कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम नाबालिक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील नायक, एफएसएल अधिकारी आर.के. पैंकरा, साइबर सेल स्टाफ, क्राईम सीन रिक्रिएशन स्टाफ तथा डॉग स्क्वाड को घटनास्थल जाकर लैलूंगा पुलिस के साथ अज्ञात आरोपी पतासाजी का निर्देश दिया गया। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 302 भादवि जोड़ी जाकर विवेचना टीम अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लग गई।

नाबालिग की हत्या के संवेदनशील प्रकरण में एसडीओपी धरमजयगढ़ के साथ डीएसपी अंजू कुमारी, थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एलपी पटेल, थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक किरण गुप्ता, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वाती, आरक्षक जॉन प्रकाश टोप्पो चौकी रैरूमा, डेहरू उरांव धरमजयगढ़ तथा लैलूंगा थाने के उपनिरीक्षक बीएस पैकरा, सहायक उप निरीक्षक जेपी बंजारे, विजय गोपाल, प्रधान आरक्षक जयशरण चंद्रा, आरक्षक मयाराम राठिया, अमरदीप एक्का, जुगित राठिया, हेलारियुस तिर्की, इलियास केरकेट्टा, पुष्पेन्द्र मराठा, प्रमोद भगत, विभूति सिंह, चमरसाय पिछले दो सप्ताह से पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों पर घटना को लेकर हर पहलुओं पर पुलिस की टीम सूक्ष्मता से जांच कर करते हुये संदिग्धों से पूछताछ कर रही थी किन्तु पुलिस टीम सफलता से कुछ ही दूर थी।

इसी दरम्यान महत्वपूर्ण गवाह बताया कि मृतिका की बड़ी बहन अल्का से उसकी अच्छी जान पहचान है। उसे अल्का से यह बात पता चला कि आईलिन मृतिका का पिता जगदीश टोप्पो ही गुस्से में आकर उसे मारा तो उसकी मौत हो गई , जिसके बाद पुलिस टीम जगदीश टोप्पो को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया, तब आरोपी जगदीश टोप्पो अपनी बेटी की हत्या करना कबूल किया तथा हत्या को छिपाने में उसकी पत्नी व बेटी द्वारा सहयोग करना बताया है तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

विवेचना में पाया गया कि दिनांक 23.03.2021 को आईलिन शादी घर से नाच के आई और बोरिंग में नहाकर लगभग शाम 5:00 बजे घर में अपने पलंग में किताब रखकर मोबाईल से किसी लड़के से बात की, तब बड़ी लड़की अल्का अपने पिता जगदीश को बताई कि आईलिन पढ़ाई नहीं करती है और किसी ना किसी से मोबाईल पर बातें करते रहती है। तब गुस्से में आकर जगदीश टोप्पो डंडा पकड़कर आईलिन को दौड़ाया तो आईलिन मार के डर से घर से भाग गई। कुछ देर बाद आईलिन की मां अनिता टोप्पो 40 वर्ष और अल्का आईलिन को खोजने गए। देर रात जगदीश टोप्पो आंगन में घूम रहा था। उसी समय आईलिन वापस आई तो जगदीश गुस्से में आकर आईलिन का बाल पकड़कर दरवाजे में ठोंकर मारा जिससे उसके मुंह के दांत टूट गए उसके बाद निर्दयी पिता उसकी गला दबाकर हत्या कर दिया। लाश को करीबन 24 घंटे तक घर में रखा, दूसरे दिन नत्थे के खेत स्थित बेशरम झाड़ियों के बीच झुरमुट में छुपा कर रख दिया वहीं पर मृतिका के कपड़े फेंका, स्वेटर एवं समीज जो शव के पास पड़े थे जिसमें गोबर मिट्टी एवं खून के दाग थे। जगदीश टोप्पो, उसकी पत्नी अनीता टोप्पो एवं अल्का द्वारा साक्ष्य छुपाने की नियत से घटना दिनांक के 7 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराएं। विवेचना दरम्यान दरवाजे में खून के धब्बे मिले हैं। तीनों आरोपियों को अपराध क्रमांक 106/2021 धारा 363 आईपीसी + 302,201,34 आईपीसी में आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के कुशल नेतृत्व में लगातार गंभीर घटनाओं का पटाक्षेप किये जाने पर जिले की पुलिसिंग के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ रहा है।

## कोविड-19 में लगे अधिकारियों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन

**रायगढ़ ।** शासकीय/अशासकीय चिकित्सालयों में उपचारार्थ मरीजों से मोबाइल पर संपर्क कर उनको कोविड-19 के तहत दी जाने वाली प्रोटोकाल, दवाईयां, भोजन तथा उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करने, सकारात्मक मनोबल बढ़ाने एवं मरीजों द्वारा बताये गये कमियां व सुझावों के संबंध में सीएमएचओ को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है।

संशोधन पश्चात जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है इनमें शा.उ.मा.वि.जूटमिल रायगढ़ के प्राचार्य संतोष कुमार चन्द्रा, शा.उ.मा.वि.टारपाली की प्राचार्य श्रीमती सरला साहा, शा.हाई स्कूल चांदमारी रायगढ़ की प्राचार्य श्रीमती अमिता मिश्रा, शा.उ.मा.वि.तिलगा के प्राचार्य दिनेश कुमार अग्रवाल, शा.उ.मा.वि.कोतरा के प्राचार्य जे.एल.नायक, शा.उ.मा.वि.धनागर के प्राचार्य राजेन्द्र मेहर, शा.उ.मा.वि.बरलिया के प्राचार्य आर.बी.आर. सिंह, शा.उ.मा.वि.तरकेला के प्राचार्य पी.पी.खलखो, शास.हाईस्कूल राजीव गांधी नगर रायगढ़ की प्राचार्य श्रीमती रंजना राय, शास.हाईस्कूल रामभांठा रायगढ़ के प्राचार्य लिबनुस तिर्की, शा. उ. मा. वि.रेगड़ा की प्राचार्य श्रीमती जी.राय एवं शा.उ.मा.वि.उर्दना की प्राचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी शर्मा शामिल है। उक्त सभी प्राचार्य शास.उच्च.माध्य.विद्यालय चक्रधर नगर के प्राचार्य राजेश डेनियल के निर्देशन में कार्य संपादित करेंगे। प्राचार्य डेनियल शासकीय/अशासकीय चिकित्सालयों में उपचारार्थ मरीजों की जानकारी/मोबाइल नंबर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलते आरोपियों से स्मार्ट टीवी, दो मोबाईल व नकदी जब्त

**तमनार।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन पर तमनार पुलिस द्वारा दिनांक 22.04.2021 की रात्रि थानाक्षेत्र के कुंजेमुरा गांव में दो व्यक्तियों को मोबाईल पर राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के मैच के दौरान मैच के परिणाम तथा बॉल-टू-बॉल पर लोगों से सट्टा लेने की सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया। आरोपियों से लाखों के सट्टा पट्टी का हिसाब, मोबाईल, एलईडी टीवी समेत नकदी की जप्ती की गई है, आरोपियों पर धारा 4क सार्वजनिक द्यूत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।



जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील कुमार नायक द्वारा थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक किरण गुप्ता को क्षेत्र में क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही के लिये स्टाफ एवं मुखबिर लगाने निर्देशित किये थे। थाना प्रभारी द्वारा लगाये मुखबिर ने दिनांक 22.04.2021 की रात्रि ग्राम कुजेमुरा में दो व्यक्तियों द्वारा क्रिकेट सट्टा लिये जाने की सूचना दिये जाने पर थाना प्रभारी के हमराह सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत, आरक्षक अरविंद पटनायक, हरीश पटेल द्वारा ग्राम कुंजेमुरा में अक्षय भगत के मकान में रेड कार्यवाही किया गया। जहां दो व्यक्ति हितेश कुमार निषाद एवं अक्षय भगत टीवी पर प्रसारित बैंगलोर एवं राजस्थान रॉयल के बीच क्रिकेट मैच में रूपये पैसों का हार जीत का दांव लगाकर मोबाईल के जरिये सटटा नामक जुआ खेलाते मिले। आरोपियान 1. हितेश कुमार निषाद पिता उसत निषाद उम्र 30 वर्ष एवं 2. अक्षय कुमार भगत पिता उत्तम भगत उम्र 28 वर्ष साकिनान कुंजेमुरा थाना तमनार से मौके पर दो नग का मोबाईल, एक नग एलईडी स्मार्ट टीवी, एक लायनिंग कागज में सट्टा का हिसाब एवं नकदी रकम 2,300 रुपए की जप्ती की गई है। थाना तमनार में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4क सार्वजनिक द्यूत अधिनियम की कार्यवाही की गई है।

## कोविड हॉस्पिटल एमसीएच, मातृ शिशु और केआईटी में एडिशनल एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था, हॉस्पिटल कैम्पस में पुलिस सहायता केन्द्र बनाकर चौकसी बढ़ाने के दिए निर्देश

**रायगढ़।** कोविड हॉस्पिटल में मरीजों के परिजन हॉस्पिटल में संक्रमण को नजरअंदाज कर प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की शिकायत प्राप्त होने पर आज दिनांक 23.04.2021 को एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा रायगढ़ में कोविड मरीजों के लिये बनाये गये अस्थाई कोविड हॉस्पिटल केआईटी, एमसीएच एवं मातृ शिशु हॉस्पिटल में जाकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डॉक्टरों से मिलें और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिये।



आफिस कार्य के बाद एडिशनल एसपी, चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला के साथ अस्थाई कोविड हॉस्पिटल चढ्ढा पहुंचे। जहां हॉस्पिटल इंचार्ज डॉक्टर प्रशांत से मिलकर चौकी प्रभारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था देखे। एडिशनल एसपी द्वारा चौकी प्रभारी को हॉस्पिटल में अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र बनाकर जवानों को स्टॉपर, लाउडस्पीकर एवं मैनपेक सेट उपलब्ध करानें के निर्देश दिए। वे बताए कि सुरक्षा में तैनात जवानों द्वारा लगातार हॉस्पिटल कैम्पस में पेट्रोलिंग करें तथा बैरिकेट, साइन बोर्ड लगातार हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों के परिजनों को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने से रोंके जिससे हास्पिटल में चिकित्सा व्यवस्था में किसी प्रकार की रूकावट न आवे। डॉक्टर प्रशांत से चर्चा कर एडिशनल एसपी बताये कि हॉस्पिटल की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ की जा रही है इसके बावजूद किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों, कन्ट्रोल रूम, डॉयल 112 अथवा चौकी प्रभारी को सूचना देवें जिससे तत्काल और पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

केआईटी कोविड हॉस्पिटल के निरीक्षण के बाद एडिशनल एसपी 100 बिस्तारों वाले मातृ शिशु कोविड हॉस्पिटल में इंजार्च डॉ. अनमोल मिंज तथा 100 बिस्तारों वाले मेडिकल कॉलेज में इंचार्ज डॉ. दीपक प्रकाश एवं डॉ. हरीश उरांव से मिले। एडिशनल एसपी थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनवकांत सिंह के साथ दोनों हॉस्पिटल में सुरक्षा व्यवस्था देखे और मेडिकल कॉलेज कैम्पस में थाना प्रभारी को अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र प्रारंभ करने का निर्देश दिये, जिसमें तैनात जवान पाली-पाली में चौबिसों घंटे ड्यूटी करेंगे। हॉस्पिटल इंचार्ज एवं थाना प्रभारी के साथ मिलकर एडिशनल एसपी द्वारा पूरे कैम्पस को देखे तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों के समीप स्टापर, बैरिकेट लगाकर अनावश्यक लोगों को जाने से रोकने तथा लाउड स्पीकर के माध्यम से मरीजों के परिजनों को पुलिस स्टाफ द्वारा आवश्यक सूचनाएं दी जावे निर्देशित किये हैं। एडिशनल एसपी द्वारा कोविड हॉस्पिटल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवानों को स्वयं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दिया गया है साथ ही निर्देशित किये कि कोरोना के लक्षण पाये जाने पर तत्काल टेस्ट कराये व कोविड गाइडलाइन का पालन करें।

## सीएम राहत कोष में कर्मचारियों के वेतन से एक दिन की राशि कटौती के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**रायगढ़ ।** कोविड-19 से प्रभावित प्रदेश के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से योगदान के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के चालू माह अप्रैल के वेतन से एक दिन की राशि कटौती के संबंध में वित्त विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा 22 अप्रैल को मंत्रालय से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, अध्यक्ष राजस्व मण्डल, विभागाध्यक्ष, बजट नियंत्रण अधिकारी, समस्त कार्यालय प्रमुख, आहरण संवितरण अधिकारी एवं कोषालय अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है।

परिपत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा कोविड-19 से प्रभावित प्रदेश के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए 13 अप्रैल 2021 को शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से मुख्यमंत्री सहायता कोष अंश दान देने की अपील की है। इसके अनुक्रम में राज्य के आईएएस एसोसिएशन, राज्य प्रशासनिक सेवा के सदस्यों, राजपत्रित अधिकारी संघ एवं अन्य विभिन्न संगठनों द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों के अप्रैल माह के वेतन से एक दिन के वेतन की कटौती करते हुए मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराने का अनुरोध किया गया है।

## सारंगढ़ अस्पताल में 50 ऑक्सिजनेटेड बेड की सुविधा होगी तैयार : कलेक्टर

» सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड मरीजों के लिए ऑक्सीजन सुविधा वाले बेड तैयार करने के निर्देश

» मेडिकल कॉलेज के कोविड वार्ड में सीसीटीवी शुरू करने के कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश

» कलेक्टर सिंह ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** कोविड संक्रमण के नियंत्रण व रोकथाम के संबंध में कलेक्टर भीम सिंह ने आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कोविड मरीजों के उपचार के लिए सारंगढ़ के 50 बिस्तर अस्पताल को ऑक्सिजनेटेड बेड बनाने व लैलूंगा में 25 बिस्तर व तमनार में जिंदल अस्पताल का अधिग्रहण करने के निर्देश दिए। लोइंग अस्पताल



को जल्द शुरू करने तथा चोड़ा खरसिया में भी ऑक्सिजनेटेड बेड बढ़ाने के लिए कहा। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज एवं अन्य कोविड अस्पताल में ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले डॉक्टरों को तत्काल ड्यूटी जॉइन करने हेतु निर्देशित करने के लिए कहा। कलेक्टर भीम सिंह ने मेडिकल कॉलेज कोविड वार्ड के सीसीटीवी को शुरू करने के निर्देश मेडिकल अस्पताल प्रबंधन को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में कोरोना रोकथाम, नियंत्रण, वैक्सीनेशन और इलाज सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड मरीजों के इलाज सुविधा शुरू करने के निर्देश सीएमएचओ डॉक्टर एस.एन.केसरी को दिए।

कोविड इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज, केआईटी में डॉक्टर सहित स्टाफ नर्स की संख्या बढ़ाने की मांग प्रबंधन ने की। जिस पर कलेक्टर सिंह ने हाल ही में बांड के आधार पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के नियुक्ति पत्र जारी करने संबंधित जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले डॉक्टरों को तत्काल ड्यूटी जॉइन करने के लिए निर्देशित करने को कहा। इसी तरह शासकीय एवं निजी नर्सिंग कॉलेज की नर्सिंग छात्राओं की ड्यूटी कोविड हॉस्पिटल में लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कॉलेज, केआईटी सहित निजी अस्पतालों में भी ऑक्सीजनेटेड एवं आईसीयू बेड अतिरिक्त बढ़ाने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने शासन के निर्देशानुसार डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता व आयुष्मान भारत योजना के तहत कोविड का उपचार कर रहे सभी निजी अस्पतालों में उपलब्ध बेड का 20 प्रतिशत बेड योजना के हितग्राहियों के इलाज के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निजी अस्पतालों द्वारा इन योजनाओं के तहत मरीजों का इलाज नहीं करने की बातें सामने आई। इस पर कलेक्टर भीम सिंह ने सभी निजी अस्पताल प्रबंधकों को इन योजना के हितग्राही कोविड मरीजों का इलाज योजना के तहत ही करने के निर्देश दिए। ऐसा नहीं करने पर निजी हॉस्पिटलों के लाइसेंस कैंसिल करने संबंधित कार्रवाई करने की बात कलेक्टर सिंह ने कही। कलेक्टर सिंह ने सभी सीएचसी में कोविड मरीजों के इलाज व्यवस्था करने और सीएससी में 20-20 ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी को दिए।

उन्होंने कांटेक्ट ट्रेसिंग की टीम की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बस या ट्रेन से आने वाले यात्रियों की जांच व निर्देशानुसार उनको क्वारेन्टीन करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। कोविड अस्पतालों की व्यवस्था देख रहे नोडल अधिकारी को प्रतिदिन अस्पताल का निरीक्षण कर चेक लिस्ट के अनुसार रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया। अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति व्यवस्था के लिए एडीएम राजेन्द्र कटारा को प्रभारी अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। केआईटी में भी बाइपेप मशीन देने के लिये कहा। बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, डिप्टी कलेक्टर वर्मा सहित जिले के कोविड नोडल अधिकारी, निजी अस्पताल प्रबंधन, ऑक्सीजन सप्लायर आदि उपस्थित थे।

**सीमा सील करने के निर्देश-** बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले से लगे दूसरे प्रदेश की सीमा को पूर्णतः सील करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि बिना जांच के कोई भी दूसरे राज्य की सीमा से जिले में प्रवेश ना करें ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य अधिकारियों को दिए।

**ऑक्सीजन लेवल को लेकर जागरूकता लाने के निर्देश-** कलेक्टर सिंह ने बैठक में कोविड से होने वाली मौतों की समीक्षा की। इस दौरान डॉक्टरों ने बताया कि मरीज लक्षण होने के बाद भी अस्पताल में भर्ती होने पर देर कर रहे हैं, वही ऑक्सीजन सैचुरेशन गंभीर होने पर ही अस्पताल पहुंच रहे हैं। इस पर कलेक्टर सिंह ने ऑक्सीजन का लेवल ऑक्सीमीटर से मापने के लिए जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसको लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार व वाल राइटिंग कराने के निर्देश सभी बीएमओ को दिए। गांवों में मितानिनों को ऑक्सीमीटर व दवाई का किट उपलब्ध करवाने के लिये कहा। जिससे लक्षणयुक्त मरीजों की ऑक्सीजन लेवल की जांच व रिपोर्ट नही मिलने पर लक्षण के आधार पर दवा प्रारम्भ की जा सके।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480